प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

## जीएसटी

वस्तु व सेवा कर यानि जीएसटी की नई दरें कल 22 सितम्बर से लागू हो रही हैं। कंपनियों ने ग्राहकों को लाभ देने के लिए कई उत्पादों का दाम कम करने का सिलसिला जारी रखा है। कल से शुरू हो रहे त्योहारी सीजन में इससे बाजारों में खासी रौनक रहने की संभावना है। इस बीच अमूल ने दूध समेत सात सौ उत्पादों के दाम कम कर दिए हैं। इनमें घी, मक्खन, आईसक्रीम, बेकरी और अन्य उत्पाद शामिल हैं।

## जीएसटी हेल्पलाइन

इस बीच उपभोक्ता मामले विभाग ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कल से प्रभावी संशोधित जीएसटी दरों और छूटों के कार्यान्वयन के बाद उपभोक्ताओं की अपेक्षित पूछताछ और शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र पोर्टल शुरू किया गया है। इसमें ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, ई–कॉमर्स, फास्ट–मूविंग उपभोक्ता वस्तुएं जैसी शिकायतें दर्ज की जाएंगी। इस पहल से वस्तु और सेवा कर अनुपालन को मज़बूत करने और उपभोक्ताओं को निष्पक्ष बाज़ार प्रथाओं में सक्रिय हितधारक बनने के लिए सशक्त बनाकर एक सहभागी शासन मॉडल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता अब पोर्टल या टोल–फ्री नंबर 1 9 1 5 के माध्यम से सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

## दुर्घटना

चंबा–पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर परेल धार के पास आज वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल है और एक अन्य छात्रा लापता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान मेडिकल कॉलेज चंबा के एक प्रशिक्षु चिकित्सक के रूप में की गई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत आज भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शिमला के रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक नमो युवा मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और जिसे पार्श्व गायक मोहित चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ रहने का

संदेश देना है। तीन किलो मीटर की मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं व अन्य लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने कहा कि नशा हिमाचल प्रदेश में तेज गति से फैल रहा है ऐसे में नशे के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने की जरूरत है।

प्रसिद्ध गायक मोहित चौहान ने कहा कि युवा गलत रास्ते पर न जाए इसके लिए इस दौड़ का आयोजन किया गया है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज क्षेत्रों में आज मौसम साफ बना हुआ है। जनजातीय जिला किन्नौर में भी आज धूप खिली हुई है। जबकि कुल्लू व मंडी में हल्के बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में अभी तक सामान्य से 46 फीसदी अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस वर्ष मॉनसून के दौरान अभी तक एक हज़ार 21 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अगले दो–तीन दिनों के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों से दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल दिख रही हैं।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर 3 बजे। नमस्कार......